# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पिंक रोजगार महाकुंभ का किया शुभारंभ : कहा– आधी आबादी की सुरक्षा, गरिमा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए सरकार है प्रतिबद्ध।
2. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा पर दिया बल : एचपीवी टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का किया आह्वान।
3. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कौशाम्बी में सरस महोत्सव का किया उद्घाटन : विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को करोड़ों रूपये की सहायता राशि की वितरित।

और

4. केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने शाहजहांपुर में कहा– आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस से बदलेगी देश की तस्वीर।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कहा कि उनकी सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, गरिमा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयोजित पिंक रोजगार महाकुंभ–2026 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कदमों– परंपरा, प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता, विश्वास और परिवर्तन पर काम किया है। उन्होंने एक सशक्त समाज क निर्माण में महिलाओं की भूमिका की सराहना की और घोषणा की कि मिशन शक्ति का अगला चरण नवरात्रि से प्रारम्भ होगा। बाइट....

*हर प्रदेशवासी की जिम्मेदारी बनती है और बेटी की सुरक्षा के लिए, नारी की गरिमा और उनके सम्मान की रक्षा करने के लिए, उनके स्वावलंबन के लिए उठाए जाने वाले सरकार के विभिन्न विभागों के द्वारा चाहे वह केंद्र सरकार हो, राज्य सरकार हो इन सभी सरकारों के द्वारा उठाए जाने वाले इन कदमों का लाभ उन तक अगर पहुंचाने में अपना योगदान देंगे तो यह विकसित भारत की एक महत्वपूर्ण आधारशिला बनेगी और यह तभी होगा जब आधी आबादी इस दिशा में मजबूती के साथ जुड़ेगी तो उसके परिणाम भी हम सबके सामने आएंगे।*

मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। श्री योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का डीबीटी अंतरण भी किया। उन्होंने इस मौके पर वीडियो

कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं से संवाद भी स्थापित किया।

————————

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ के जन भवन में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की एमबीबीएस और बीडीएस की 120 छात्राओं को सर्वाइकल कंसर से बचाव के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण की पहली डोज लगाई गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा प्रत्येक दिन सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पूर्व एचपोवी टीकाकरण की पहल सबसे पहले जन भवन से प्रारम्भ की गई थी, आज प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। राज्यपाल ने लोगों को एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

————————

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश महिला सशक्तीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की दीदियां आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन रही हैं। श्री मौर्य ने आज कौशांबी के सयारा में आयोजित दो दिवसीय सरस महोत्सव कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को

करोड़ों रूपये की सहायता राशि वितरित की। श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश की महिलायें सरकारी योजनाओं से सशक्त हो रही हैं। महिला शक्ति के उत्थान में उत्तर प्रदेश देश में मिसाल बन गया है। उप मुख्यमंत्री ने महिला दिवस पर दीदियों, बेटियों और दिव्यांगजनों को सम्मानित और लाभान्वित किया।

———————————

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री–स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहा कि नारी शक्ति के बिना संसार की कल्पना असंभव है और आज बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। महिला दिवस पर लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एक विशेष कार्यक्रम 'प्रगति' का आयोजन किया गया, जिसकी थीम 'आत्मसम्मान से समानता तक' रही।

———————————

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये, इसी क्रम में 'माय भारत' और भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन लखनऊ, आगरा, कुशीनगर और प्रयागराज के स्टेडियम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाआं ने प्रतिभाग किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने आगरा में लीग के उद्‌घाटन अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र

मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में कई कदम उठाये गये हैं। बाइट..

*मैं प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री का धन्यवाद देना चाहूंगा कि यह भी महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए सशक्तिकरण के लिए, घर से निकलने के लिए और प्रतिभाग करने के लिए एक अवसर उन्होंने प्रदान किया है।*

लखनऊ के, के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में प्रतियोगिता का उद्‌घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान ने बेटियों को कौशल विकास और खेल के लिये प्रोत्साहित किया। बाइट...

*अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जो कहूंगा सभी बेटियों से मैं आग्रह करता हूं कि हर बेटी अपने आप को सक्षम बनाए, सुदृढ़ बनाए और कौशल परख बनाए। जब बेटी पढ़ेगी, लिखेगी, अपने पैरों पर खड़ी होगी तो जिंदगी भर के कान्फीडेंस के साथ जिंदगी जी लेगी, सम्मान पाएगी और सम्मान देगी।*

उधर मेरठ और चित्रकूट में भी महिला दौड़ का आयोजन किया गया।

———————————

महिला दिवस पर बदांयू, इटावा, उन्नाव, रायबरेली, फर्रूखाबाद, अम्बेडकरनगर, हापुड़, जौनपुर, वाराणसी, गोरखपुर, मऊ और बलिया सहित विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यशालाओं और गोष्ठियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उन्नीस मार्च को अयोध्या आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान मंदिर निर्माण में योगदान देन वाले श्रमिकों और कर्मचारियां को सम्मानित भी किया जायेगा। श्री मिश्रा ने मंदिर निर्माण से जुड़ी जानकारियां साझा करते हुए बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य लगभग पांच वर्षों में पूरा हुआ है और निर्माण कार्य से जुड़ी प्रमुख कार्यदायी संस्थाओं को 15 मई तक औपचारिक रूप से अवमुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी मंदिर परिसर में गैलरी निर्माण का काम चल रहा है। इसके साथ ही सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगभग चार किलोमीटर लंबी अत्याधुनिक बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया जा रहा है। बाइट...

*पांच वर्ष का यह सफल अवधि थी जिसमें एलएनटी जीसी ने प्रमुख भूमिका निभाई है और इसी उद्देश्य 19 मार्च को जितने श्रमिक से लेकर के ऊपर तक जुड़े व्यक्ति हैं उनको आमंत्रित किया गया है और राष्ट्रपति महोदया के समक्ष वह उपस्थित होंगे और उनका सम्मान किया जाएगा। तो अब हम लोग मुख्य कार्य*

*जिसकी ओर ध्यान देना है वह आडीटोरियम है, विश्राम गृह है, ट्रस्ट कार्यालय है और अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय इसकी अब मुख्य रूप से ध्यान दिया जाएगा जो कि राजकीय निर्माण निगम की जिम्मेदारी में है।*

———————————

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद न आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में एआई से देश की तस्वीर बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि एआई तकनीक देश के हर वर्ग के विकास के लिए वरदान साबित होगी और इसके उपयोग से कई जटिल समस्याओं का समाधान सरल तरीके से संभव हो सकेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद आज शाहजहांपुर में होली मिलन समारोह में भाग लेने पहुंचे थे।

———————————

उत्तर प्रदेश सरकार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–खड़गपुर के पूर्व छात्रों के सहयोग से राज्य भर में तीन सौ से अधिक गौशालाओं में बायोगैस संयंत्र स्थापित करेगी। इनके माध्यम से गोबर और गोमूत्र से स्वच्छ ऊर्जा, जैविक खाद तथा अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि पहली बार, गौ–संरक्षण को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था से जोड़ा जा रहा है।

———————————

भारतीय रेल ने यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए ”सुपर ऐप रेल वन“ लॉन्च किया है। इस ऐप पर कई रेल सेवाएं एक साथ उपलब्ध होंगी। इस ऐप से टिकट बुकिंग, ट्रेन की मौजूदा स्थिति और ई–कैटरिंग सहित सभी रेल सेवाओं का लाभ एक ही डिजिटल मंच से लिया जा सकेगा। इनमें अनारक्षित टिकटों की बुकिंग भी शामिल है।

————————

टी–20 क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मैच आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुरू हो गया है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया है। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है।

————————